## चीन को हाल ही में विश्व बैंक ने ग्रोथ के मोर्चे पर झटका दिया था

# विश्व बैंक ने दिया भारत को झटका, बढ़ सकती है महंगाई 5.9 फीसदी की दर से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूरी दुनिया भारत की ग्रोथ देखकर दंग है। तमाम वित्तीय एजेंसियां चाहे वो विश्व बैंक हो, या फिर आईएमएफ भारत की ग्रोथ को लेकर आश्वस्त हैं। चीन को हाल ही में वर्ल्ड बैंक ने ग्रोथ के मोर्चे पर झटका दिया है। धीरे-धीरे बाकी देश भी ग्रोथ को लेकर झटका या तो खा रहे हैं या फिर खा चुके हैं। लेकिन इस बार वर्ल्ड बैंक की ओर से भारत को बड़ा झटका मिला है। ये झटका ग्रोथ के मोर्चे पर नहीं है, लेकिन महंगाई के मोर्चे पर है। वर्ल्ड बैंक की ओर से साफ संकेत दिए गए हैं भारत में महंगाई बढ़ सकती है। यहां तक कि बैंक की ओर अनुमान में 70 बेसिस प्वाइंट का इजाफा भी कर दिया है।

### मांग में आएगी गिरावट

वर्ल्ड बैंक ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2024 के लिए भारत के ग्रोथ अनुमान में कोई बदलाव नहीं किया है और 6.3 फीसदी पर बरकरार रखा है। वहीं महंगाई को लेकर चिंता जाहिर की है। वर्ल्ड बैंक ने भारत की महंगाई के अनुमान को 5.2 फीसदी से बढ़ाकर 5.9 फीसदी कर दिया। वर्ल्ड बैंक ने इंडिया ग्रोथ आउटलुक में कहा कि प्राइवेट कंजंप्शन ग्रोथ धीमी होने की संभावना है। इसका कारण बताते हुए वर्ल्ड बैंक ने कहा कि महामारी के बाद की गति अब स्लो होने की उम्मीद है।

1. विश्व बैंक ने 70 बेसिस प्वाइंट का किया इजाफा
2. 2024 के लिए भारत के ग्रोथ अनुमान में कोई बदलाव नहीं
3. अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष में 6.3 फीसदी रहने का अनुमान




### प्राइवेट कंजंप्शन ग्रोथ कम होने की संभावना

*वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के अनुसार प्राइवेट कंजंप्शन ग्रोथ कम होने की संभावना है। महामारी के बाद डिमांड में कमी देखने को मिली है। फूड इंफ्लेशन ने भी डिमांड को कम किया है। खासकर लो इनकम ग्रुप की ओर से डिमांड में गिरावट देखने को मिली है। वर्ल्ड बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष 2024 में महंगाई उम्मीद से अधिक बढ़कर 5.9 फीसदी हो सकती है, जो भारतीय रिजर्व बैंक के 2-6 फीसदी के टारगेट बैंड की अपर लिमिट के काफी करीब है।*

### तेल है चिंता का सबब

*वर्ल्ड बैंक ने कहा कि मानसून के महीनों के दौरान असामान्य बारिश के कारण जुलाई 2023 में फूड प्राइस में बेतहाशा इजाफा देखने को मिला था। हालांकि अगस्त में इसमें कमी आई, लेकिन वित्तीय वर्ष बाकी महीनों के दौरान हेडलाइन महंगाई पर दबाव जारी रहने की उम्मीद है। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि तेल, भले ही 2022 के दौरान देखे गए हाई से कम है, फिर भी चिंता का विषय बना हुआ है। अगस्त में भारत की महंगाई मामूली कम होकर 6.8 फीसदी हो गई।*

### भारत के सामान की बाहरी मांग कम हुई

साथ ही यूरोपीय यूनियन के अलावा प्रमुख बिजनेस पार्टनर्स में स्लो ग्रोथ की वजह से भारत के सामान की बाहरी डिमांड कम हुई है और एक्सपोर्ट में गिरावट देखने को मिली है। इससे पहले स्ट्रांग डॉमेस्टिक डिमांड की वजह से देश की इकोनॉमी पहली तिमाही में 7.8 फीसदी की स्पीड से बढ़ी थी। वर्ल्ड बैंक ने कहा कि अब डॉमेस्टिक डिमांड तो मजबूत रहेगी, लेकिप स्पीड कम रहेगी।

### पॉलिसी रेट में तीन साल से कोई बदलाव नहीं

*वर्ल्ड बैंक ने कहा कि पिछले साल आरबीआई की ओर से पॉलिसी रेट में इजाफा किया था, जिससे महंगाई को कम करने में मदद मिली थी, जिसका असर अब धीरे-धीरे कम होने की उम्मीद है। आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी इस सप्ताह के अंत में पॉलिसी रेट पर फैसला करेगी, जिसमें फरवरी के बाद से कोई बदलाव नहीं हुआ है। फरवरी में आखिरी बार बदलाव करते हुए एमपीसी ने 25 बेसिस प्वाइंट का इजाफा किया था और रेपो रेट 6.5 फीसदी पर आ गए थे।*

### राजकोषिय घाटे में सुधार

*फिस्कल डेफिसिट के मोर्चे पर वर्ल्ड बैंक ने थोड़ा जरूर मरहम लगाया है और मामूली सुधार के संकेत दिए हैं। सामान्य सरकारी घाटा पिछले वित्त वर्ष में जीडीपी के 9 फीसदी से घटकर वित्त वर्ष 2024 में 8.7 फीसदी होने का अनुमान लगाया है। वर्ल्ड बैंक ने कहा कि 2024 के आम चुनावों से पहले सब्सिडी प्रोग्राम, फिसकल रोडमैप पर असर डाल सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि फिस्कल इंटरवेंशन अब तक सीमित है, लेकिन 2024 में आम चुनावों से पहले कमजोर परिवारों पर फूड इंफ्लेशन के प्रभाव को कम करने के लिए सब्सिडी कार्यक्रमों द्वारा फिस्कल कंसोलिडेशन में देरी हो सकती है।*

## चांदी में आई 1800 रुपए की गिरावट

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 650 रुपये की गिरावट के साथ 57,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 58,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,800 रुपये लुढ़ककर 71,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के जिंस शोध के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवनीत दमानी ने कहा कि सोमवार को घरेलू बाजार बंद होने के कारण पिछले सत्र में कॉमेक्स पर सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना गिरावट के साथ 1,825 डॉलर प्रति औंस रहा। चांदी की कीमत भी गिरावट के साथ 21.10 डॉलर प्रति औंस रह गयी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के इस बयान के बाद कि ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रहेंगी।

# विदेशी कोषों की निकासी से सेंसेक्स 316 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने और एशियाई बाजार के सुस्त संकेतों के बीच घरेलू मानक सूचकांक मंगलवार को आधा प्रतिशत तक गिर गए। एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली से भी बाजार धारणा पर असर पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 316.31 अंक गिरावट के साथ 65,512.10 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 109.55 अंक यानी 0.56 प्रतिशत गिरकर 19,528.75 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अमेरिकी बांड के बढ़ते प्रतिफल और डॉलर सूचकांक में मजबूती के चलते बाजार में सुदृढ़ीकरण जारी रहने से विदेशी निवेशक निकासी के लिए प्रेरित हुए।



### इन शेयरों में रही घट-बढ़

*सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति सुजुकी, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईटीसी और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फिनसर्व और टाइटन के शेयर लाभ में रहे।*

## खोरधा रोड मंडल ने महात्मा गांधी जी की जयंती मनाई

**खोरधा रोड।** खोरधा रोड मंडल ने हमारे भारत के महान स्वतंत्रता सैनानी 'महात्मा गांधी जी' को याद करते हुए, खोरधा रोड रेलवे स्टेशन पर महात्मा गांधी जी की जयंती मनाई। एच.एस.बाजवा, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड, श्रीमती गुरसिमरन कौर, अध्यक्षा, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईसीओआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ), खोरधा रोड, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईसीओआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) के अन्य सदस्यों एवं शाखा अधिकारियों ने महात्मा गांधी जी की तस्वीर पर पुष्पांजलिं अर्पित की।16 सिंतबर से 2 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया जिसमें खोरधा रोड मंडल दवारा मंडल के सभी कर्मचारियों को शामिल करते हुए विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के समापन के अवसर पर, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा, श्रीमती गुरसिमरन कौर ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान हाउसकीपिंग स्टाफ को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत भी किया गया।

**ब्लू डार्ट एक जनवरी से बढ़ाएगी दरें (नई दिल्ली)।** कूरियर सेवाएं देने वाली कंपनी ब्लू डार्ट एक्सप्रेस लिमिटेड ने नए साल यानी एक जनवरी से अपनी सामान भेजने की दरों में 9.6 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की मंगलवार को घोषणा की।


**उत्तर मध्य रेलवे**

Letter No:- DRM/C/AGRA/PARKING/E-AUCTION/2022 Dated:- 29.09.2023

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक-आगरा के द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार है:-

| श्रेणी | केटलॉग संख्या | एसेट्स डिटेल्स | ई नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय | ई नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| पार्किंग | MTJ-PARKING-29 | मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार पर सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित साईकिल, स्कूटर, मोटरसाईकिल एवं कार पार्किंग | दिनांक :- 16.10.2023 समय:- 10:00 | दिनांक :- 16.10.2023 समय:- 10:30 |

नोट:- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट-www.ireps.gov.in के E-Auction Module के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपयुक्त केटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है। 1599/23(K)

@northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR


## जयपुर जागुआर्स ने रियल कबड्डी सीजन 3 का खिताब जीता

**नई दिल्ली।** रोमांचक और दिल को छू लेने वाले माहौल में, जयपुर जागुआर्स ने सिंग सूरमा को हराकर रियल कबड्डी सीजन 3 के फाइनल में जीत हासिल की, जो जयपुर के जी स्टूडियो में आयोजित हुआ था। यह मैच ने देखनेवालों को लगातार बांधे रखा और यहाँ तक की आखिरी क्षण तक उन्हें बहुत उत्साहित रखा, जो कबड्डी की सच्ची भावना और दोनों टीमों की अत्यद्भुत खेलकूद का प्रदर्शन किया। यह गर्वशील व्यक्तित्वों की उपस्थिति से युक्त था, जिनमें श्री अभिषेक वर्मा, श्रीकांत वर्मा ट्रस्ट के चेयरमैन, प्रसिद्ध व्यापार उद्यमिता, लोकोपकारकऔर सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे। इसके साथ ही मिसेस अंका वर्मा, ओलियालिया वर्ल्ड की चेयरपर्सन और पूर्व मिस रोमानिया भी उपस्थित थीं, जो इस आयोजन में गरिमा और ग्लैमर ले आईं। इस विशेष समारोह में भारतीय यूथ आदर्श और रियल कबड्डी लीग के प्रमोटर रनविजय सिंघ और जयपुर जागुआर्स के प्रमोटर युविका चौधरी की भी उपस्थिति थी, जिन्होंने इस महासमापन के उत्साह को और बढ़ाया।

## देश में प्याज की ऑनलाइन नीलामी शुरू

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी प्याज मंडी लासलगांव में 13 दिनों बाद प्याज कारोबारियों की हड़ताल टूट गई है। इसी के साथ अब नासिक जिले में प्याज की ऑनलाइन नीलामी शुरू हो गई है। नीलामी में शुरुआती बोली 1000 रुपए से 2541 रुपए प्रति क्विंटल रखी गई है। दरअसल प्याज के एक्सपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने के विरोध में कारोबारी हड़ताल पर चले गए थे। अब करीब 13 दिनों बाद प्याज की नीलामी को पूरे नासिक जिले के सभी बाजार समितियों में शुरु किया गया है। बाजार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि एशिया की सबसे बड़ी थोक प्याज मंडी लासलगांव एपीएमसी में मंगलवार सुबह 545 गाड़ियां पहुंचीं।

## महाप्रबंधक ने उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की



**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, श्री शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के विभागाध्यदक्षों और मण्डाल रेल प्रबंधकों के साथ, आज प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की । बैठक में रेलपथों पर संरक्षा, गतिशीलता सम्बईन्धित कार्य, बिजनेस डेवलपमेंट यूनिटों और मालभाड़ा लदान पर चर्चा की गयी। उन्होंने उत्तर रेलवे के सभी रेलवे स्ट्रेशनों पर न्यूडनतम मूलभूत सुविधाएं, जिनमें प्लेटफॉर्म की ऊँचाई बढ़ाने, जन उदघोषणा प्रणाली, फुट-ओवर-ब्रिज, प्लेूटफॉर्म शैल्ट्र, पेयजल, वाटरकूलर, बैठने की व्यणवस्थ्ा, शौचालय, लाईटें, पार्किंग व सर्कुलेटिंग एरिया, टाइम-टेबल डिस्लेन बोर्ड, साइनेज, इलैक्ट्रॉ निक ट्रेन इंडिकेटर बोर्ड, डस्टलबीन इत्याादि शामिल हैं, उपलब्ध कराये जाने पर बल दिया । उन्होंने कहा कि संरक्षा उत्तेर रेलवे की प्राथमिकता है । उन्होंने रेलपथों और वैल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा रेलपथों के निकट पड़े स्क्रैीप को हटाने के लिए जोन पर किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की



**नई दिल्ली।** केआरएमयू में अनुसंधान की स्थापना और प्रचार के संबंध में आरडीसी और आईक्यूएसी की पहल के तहत, डीएसटी सलाहकार डॉ. देबप्रिय दत्ता (वैज्ञानिक जी) को संकायों को परियोजना लेखन के लिए सुझाव प्रदान करने के लिए माननीय कुलपति द्वारा आमंत्रित किया गया था। उन्होंने संकाय सदस्यों के साथ बातचीत की और उन्हें अपने लेखन में परियोजना के उद्देश्यों, डिलिवरेबल्स और कार्य योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।

## बाल्मीकि समाज द्वारा पश्चिमी जिला में सांसद प्रवेश वर्मा का जोरदार स्वागत



नई दिल्ली - चौ खं डी मण्डल वार्ड न 97 मे 80 गज कलोनी की बाल्मीकि पंचायत द्वारा पश्चिमी दिल्ली के सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा का बाल्मीकि मन्दिर की दीवार बनवाने पर स्वागत समारोह कर धन्यवाद किया तथा जोरदार स्वागत किया, यहां के बाल्मीकि समाज की लम्बे समय से एक दीवार को लेकर समस्या चल रही थी जिस समस्या को सांसद प्रवेश वर्मा ने हल करवा दिया ,इस अवसर पर सांसद प्रवेश वर्मा ने भगवान बाल्मीकि मन्दिर में माथा टेक कर महाऋषि बाल्मीकि का आशीर्वाद भी लिया।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरि. मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/उत्तर रेलवे, ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर आमंत्रित की जाती है।

**निविदा संख्या :** 258832DSLSSB

**कार्य का विवरण :** डीजल शैड शकूरबस्ती में 02 नग आई.जी.बी.टी. आधारित 3-फेज प्रोपल्शन सिस्टम, अंडरस्लूंग मेन–लाइन इलेक्ट्रिकल मल्टीप्ल यूनिट (MEMU) रैकों के मेस्सर्स मेधा सर्वो ड्राइव्स प्राइवेट लिमिटेड (ओईएम) द्वारा तीन के विस्तृत वार्षिक अनुरक्षण कराने के सम्बंध में।

**अनुमानित लागत :** रु. 1,83,51,360.00 (GST-सहित)

**बयाना राशि :** रु. 2,41,800/- (ये जमा राशि केवल नेट–बैंकिंग और गेटवे के द्वारा ही मान्य होगी। यह राशि एफडीआर या टीडीआर के रूप में मान्य नहीं होगी रेलवे बोर्ड के आदेशानुसार पत्र सं. 2015/CR-I/CT/5/1 दिनांक 31.08.2016)

**कार्य अवधि :** 03 वर्ष

**निविदा प्रपत्र खुलने की तिथि, समय :** दिनांक 20.10.2023, 15:00 बजे

**निविदा प्रपत्र डाउन लोड करने के इंटरनेट साइट :** उपरोक्त निविदा IREPS साइट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in दिनांक 28.09.2023 से प्रभावी है।

सं.: 258832DSLSSB दिनांक: 02.10.2023 3056/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## अबू धाबी की आईएचसी ने अदाणी एंटरप्राइजेज में हिस्सेदारी बढ़ाई



**नई दिल्ली।** विभिन्न कारोबार से जुड़ी अबू धाबी की इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी (आईएचसी) ने अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लि. में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर पांच प्रतिशत से अधिक कर ली है। इससे पहले आईएचसी ने अदाणी समूह की दो कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बेची थी। आईएचसी ने अबू धाबी शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 'अदाणी एंटरप्राइजेज लि. अपने अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार को बढ़ा रही है। ऐसे में यह रणनीतिक वृद्धि दुनिया के अग्रणी 'इनक्यूबेशन मॉडल' में आईएचसी के मजबूत भरोसे को दर्शाता है।' अबू धाबी की कंपनी ने कहा कि उसने एईएल में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर पांच प्रतिशत से अधिक कर ली है। उसका मानना है, 'अदाणी एंटरप्राइजेज के तहत विकसित हो रहे हवाई अड्डों, डाटा केंद्रों, हरित हाइड्रोजन और अन्य क्षेत्रों में विकास की काफी संभावनाएं हैं। अदाणी एंटरप्राइजेज भारत की मजबूत वृद्धि गाथा का बखूबी लाभ उठाने को तैयार है।'

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।




**नई दिल्ली।** मुथूट ग्रुप ने समूह के संयुक्त निदेशक एलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट के नेतृत्व में स्वच्छता श्रमदान पहल में सक्रियता से भाग लिया। कॉर्पोरेट ऑफिस नॉर्थ के स्टाफ ने भी इस कार्य में पूर्ण योगदान किया।

**हुंडई की वरना को ग्लोबल एनसीएपी क्रैश टेस्ट में 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग (नई दिल्ली)।** भारत में तैयार हुई हुंडई वरना की मजबूती फौलाद सी है। दरअसल, इस सेडान को ग्लोबल एनसीएपी ने क्रैश टेस्ट में 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग दी है। भारत में तैयार ये कार एडल्ट और बच्चों दोनों के लिए 5-स्टार रेटिंग से लैस है। एडल्ट असेसमेंट में इसे सेफ्टी के लिए 34 में से 28.18 पॉइंट मिले। वहीं, चाइल्ड असेसमेंट के लिए 49 में से 42 पॉइंट मिले। क्रैश टेस्ट में पता चला कि ड्राइवर और पैसेंजर के सिर और गर्दन की सेफ्टी अच्छी है।


**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी करनाल | तीन वर्ष के निःशुल्क रखरखाव/ त्रुटि जिम्मेवारी अवधि समेत सेक्टर-23 यू.ई. जगाधरी-यमुनानगर में जलापूर्ति योजना का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 09.10.2023 | 483.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842267454 xenhsvpkarnal1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/21573/I/88/7 दि. 03.10.23

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका राजौंद | वार्ड नं. 13, एम.सी. राजौंद में सेरधा रोड पर एम.सी. भूमि पर पार्क का विकास + 2 कार्य। | 28.09.2023 12.10.2023 | 79.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 94672-41646 secy.rajound@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/21563/I/88/7 दि. 03.10.23



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**


भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली-6 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम एवं स्थान | गतिशक्ति निदेशालय, रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय में महत्वपूर्ण परामर्श तथा कार्यक्रम कार्यन्वयन सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु परामर्शदाता की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव निवेदन। |
| 2. | अनुमानित/निदेशात्मक परियोजना लागत | रुपये 1320.03 लाख |
| 3. | कार्य पूरा करने की अवधि | 36 माह |
| 4. | जमा की जाने वाली जमानती राशि | रुपये 8,10,200/- |
| 5. | विस्तृत ई-निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज | उपर्युक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 03.10.2023 से 14.10.2023 तक उपलब्ध होगी। |
| 6. | बोली पूर्व सम्मेलन | मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण, प्रधान कार्यालय, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली में दिनांक 13.10.2023 को 11:30 बजे बोली पूर्व सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। |
| 7. | पूर्वावलोकन प्रश्नों की प्राप्ति की अंतिम तिथि | 17.10.2023 |
| 8. | पूर्वावलोकन प्रश्नों का उत्तर | 27.10.2023 |
| 9. | ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय | 14.11.2023 प्रातः 11:30 बजे तक। निविदाकर्ता द्वारा निविदा दस्तावेज 31.10.2023 से 14.11.2023 तक www.ireps.gov.in वेबसाइट पर अपलोड किए जा सकते हैं। |
| 10. | ई-निविदा खुलने की तिथि और समय | 14.11.2023 को 11:30 बजे। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

सं0-74-डब्लु/1/2/395/डब्लु.ए./शिवाजी ब्रिज दिनांक-03.10.2023 3059/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## शब्द पहेली - 5293




**बाएँ से दाए**

1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**

2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 5292 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5303

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5302 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE